सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 05 मई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन के. जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय से समद्ध कालेजों में जी–20 के कार्यक्रमों को आयोजित किय जाए। इनमें ल 20 से आधारित कार्यक्रमों के

ईआरपी सिस्टम विकसित करें जिससे विद्यार्थियों को डिग्री, मार्कशीट और ट्रासफर सर्टिफिकेट उनके घर पर ही उपलब्ध हो जाए और उन्हें विश्वविद्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा कि फैकेल्टी को नवीनतम तकनीकी की जानकारी हेतु उनके लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जाए। इसके लिए ऋषिकेश कैंपस में फैकेल्टी डवलपमेंट सेन्टर बनाए जिससे विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की फैकेल्टी को उसमें प्रशिक्षण दिया जाय ।

राज्यपाल ने कुलपति को यह भी निर्देश दिए कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से संमद्ध एक कालेज का चयन करें जिसमें बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल, बैंकिंग, रक्षा सेवाओं की तैयारी करायी जा सके। इसके लिए कॉलेज में अवस्थापना एवं बालिकाओं की सुरक्षा आदि के दृष्टिगत उपयुक्त हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।

...............0.................